छ.ग. राज्य विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जुलाई-अगस्त 2019 ■ वर्ष-16









छ.ग. राज्य विद्युत कम्पनी मर्या. की गृह पत्रिका

# संकल्प

जुलाई-अगस्त 2019 ■ वर्ष-16

## संरक्षक



**श्री शैलेन्द्र कुमार शुक्ला**
अध्यक्ष



**श्री मो. कैसर अब्दुलहक** (IAS)
प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी)



**श्रीमती तृप्ति सिन्हा**
प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन कंपनी)



**श्री के रामचंद्र मूर्ति**
प्रबंध निदेशक (जनरेशन कंपनी)

संपादक : संकल्प
**विजय कुमार मिश्रा**
अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क)
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कं. मर्या., डंगनिया, रायपुर, छत्तीसगढ़
e-mail : vijay.mishra361@gmail.com



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मर्यादित

### प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | अगस्त 2019 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 3280 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | 1360 मेगावॉट | 3424.70 मेगावॉट |
| क्षमता वृद्धि | --- | 2064.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या | 27 नग | 119 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 12512 सर्किट कि.मी. |
| केपेसिटर स्थापित क्षमता | 94 एमव्हीएआर | 1085 एमव्हीएआर |
| 33/11 केव्ही उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 1266 नग |
| 33 केव्ही लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 22257 स. कि.मी. |
| 11/04 केव्ही उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 171088 नग |
| 11 केव्ही लाइनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 112038 कि.मी. |
| निम्नदाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 190738 कि.मी. |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 37902 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या* | 73369 | 433142 |
| बी.पी.एल. कनेक्शन की संख्या* | 630389 | 2014119 |

*प्रावधिक

छायाकार : संजय टेम्बे
सहयोग : जाबिर मोहम्मद कुरैशी

# मान. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने की विद्युत विकास की समीक्षा



**प्रदेश में विद्युत विकास और उपभोक्ता सेवा संबंधी कामकाज की समीक्षा मान. मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 30 जुलाई को मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित बैठक में की।**

मुख्यमंत्री ने विद्युत वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उपभोक्ता सेवा को और बेहतर बनाए जाने पर जोर दिया है। साथ ही सरकार की हॉफ बिजली बिल योजना को सफल बताया और लाखों उपभोक्ताओं द्वारा लाभान्वित होने के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की। इस योजना से 32 लाख से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं तथा इन्हें 165 करोड़ रुपए की छूट बिजली बिलों में प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री जी ने उपभोक्ता समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु विद्युत प्रणाली को तकनीकी तौर पर मजबूत करने और अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव श्री सुनिल कुजूर, ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव श्री गौरव द्विवेदी, पॉवर वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक, निदेशक द्वय श्री जी.सी.मुखर्जी एवं श्री एच.आर.नरवरे मौजूद थे। बैठक के दौरान पॉवर कंपनी के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने बताया कि विगत वर्ष 2018 की प्रथम छमाही में फीडर की खराबी से प्रति फीडर 4.48 घंटे प्रति माह विद्युत आपूर्ति बाधित हुई जिसकी तुलना में इस वर्ष 2019 की प्रथम छमाही में यह घटकर 3.67 घंटे प्रति फीडर प्रति माह रही।

उन्होंने आगे बताया कि विगत वर्ष 4 हजार 444 मेगावॉट विद्युत मांग की तुलना में इस वर्ष यह बढ़कर 4 हजार 760 मेगावॉट होने पर भी विद्युत मांग के अनुरूप उपलब्धता रही तथा किसी भी प्रकार की कटौती नहीं की गई।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष पहली छमाही में विद्युत अवरोध में 18 प्रतिशत की कमी को सराहनीय प्रयास बताते हुए निर्बाध और सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने विफल ट्रांसफार्मरों को जल्द से जल्द बदलने हेतु संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, बिजली बिल की बकाया राशि की वृद्धि पर नियंत्रण सहित बकाया राशि की वसूली के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए।

# बिजली उपभोक्ताओं की सेवा-सुविधा हेतु वीडियो कांफ्रेन्सिंग का विस्तार

पॉवर कंपनी ने मुख्यालय सहित सुदूर अंचलों में स्थित 59 कार्यपालन अभियंता कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों तक सीधे वार्ता हेतु नेटवर्क को मजबूत बनाने में सफलता पाई है। इसका उपयोग करते हुये छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला एवं डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद कैसर अब्दुल हक (आई.ए.एस.) ने मैदानी अधिकारियों से चर्चा की। उपभोक्ता सेवा में वृद्धि, विद्युत विषयक कार्यों की प्रगति, विद्युत दुर्घटना-चोरी रोकने जागरूकता सहित राज्य शासन की रीति-नीति के अनुरूप बिजली की निर्बाध आपूर्ति जैसे विषयों पर चर्चा करते हुये उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

कंपनी मुख्यालय में संचालित पॉवर कंपनी के इन्फोटेक सेन्टर (ईआईटीसी) के मुख्य अभियंता श्री हर्ष गौतम सहित उनकी टीम के सफल प्रयासों से वीडियो कांफ्रेंसिंग का निर्बाध संचालन किया जा रहा है। श्री गौतम ने बताया कि ई.आई.टी.सी. द्वारा उपभोक्ताओं के हित में लेटेस्ट टेक्नालाजी को निरन्तर बढ़ावा दिया जा रहा है। अब क्षेत्रीय मुख्यालय तथा जिला मुख्यालय के अधीक्षण अभियंता अपने अधीनस्थ मैदानी अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेसिंग द्वारा बिजली व्यवस्था की अद्यतन जानकारी ले सकेंगे। वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा का विस्तार अधीक्षण अभियंता स्तर तक हो जाने से ग्रामीण एवं वनांचलों की बिजली व्यवस्था में सुधार सहित उपभोक्ताओं की समस्याओं का जल्द निपटारा करने में सहूलियत होगी।

विदित हो कि वीडियो कांफ्रेसिंग का विस्तार निचले स्तर तक करने का पॉयलट प्रोजेक्ट की शुरूआत सर्वप्रथम सुदूर बस्तर संभाग के सातों जिलों में किया गया। जगदलपुर मुख्यालय के मुख्य अभियंता कार्यालय से विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बस्तर संभाग के सातों जिले के कार्यपालन अभियंता संभाग के मैदानी अधिकारियों से सफलतापूर्वक चर्चा की गई।

# पॉवर कंपनी मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह सोल्लास सम्पन्न

**पॉवर कंपनी मुख्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि पॉवर कम्पनीज अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने ध्वजारोहण कर सतर्कता एवं सुरक्षा विभाग द्वारा प्रस्तुत परेड की सलामी ली।**



इस अवसर पर उन्होंने देश के महान सपूतों को सादर नमन करते हुए उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में कहा कि स्वतंलता संग्राम के इतिहास में छत्तीसगढ़ के सपूतों का भी अविस्मरणीय योगदान रहा है। इनके त्याग और बलिदान की गाथा छत्तीसगढ़ की माटी में रची-बसी है। आजाद भारत ने धरती से लेकर आकाश तक ऐतिहासिक प्रगति की है। देश के साथ-साथ हमारा प्रदेश छत्तीसगढ़ भी विकास के मामले में नया इतिहास रचने में कामयाब हुआ है। पूर्वजों की प्रेरणा से पुष्पित-पल्लिवत होते छत्तीसगढ़ राज्य की गिनती आज देश के अग्रणी राज्यों में हो रही है।

आगे चेयरमेन श्री शुक्ला ने कहा कि बिजली की भरपूर उपलब्धता छत्तीसगढ़ में बनी हुई है और इसके उत्पादन, पारेषण एवं वितरण के दायित्व का बखूबी निवर्हन हमारे अधिकारी-कर्मचारीगण पूरी निष्ठा से कर रहे हैं। इतिहास में पहली बार बिजली की रिकार्ड तोड़ मांग 4760 मेगावॉट की आपूर्ति करने में पॉवर कम्पनीज को बड़ी कामयाबी मिली है। इसी तरह गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष ब्रेकडाउन, शटडाउन कम करने का रिकार्ड भी दर्ज हुआ है। इसका श्रेय पॉवर कंपनीज में कायम टीमवर्क एवं कुशल प्रबंधन को देते हुये उन्होंने अधिकारियों/कर्मचारियों को कोटि-कोटि बधाई दी।

देशभर के स्टेट सेक्टर के 34 विद्युत गृहों का औसत पी.एल.एफ. वित्तीय वर्ष 2018-19 में जहां 57.65 प्रतिशत रहा, वहीं हमारे ताप विद्युत गृहों का पी.एल.एफ. 74.05 प्रतिशत रहा। उत्कृष्टता की ऐसी मिसाल को बनाये रखने के लिये जनरेशन कंपनी की टीम पूरी क्षमता से हुये जुटी हुई है, फलस्वरूप वित्तीय वर्ष 2018-19 में ताप, जल एवं को-जन संयंत्रों से 21 हजार 550 मिलियन यूनिट से अधिक विद्युत उत्पादन हुआ। यह सर्वकालिक सर्वाधिक विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान है।

राज्य शासन की योजना "पॉवर फार ऑल" को साकार करने के लिए पारेषण कंपनी द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है। परिणाम स्वरूप अतिउच्चदाब ट्रांसफार्मरों की क्षमता 17 हजार 664 एम.व्ही.ए. से बढ़कर 18 हजार 306 एम.व्ही.ए. हो गई है। इसी तरह पारेषण लाइनों की लंबाई भी 5 हजार 205 सर्किट किलोमीटर से बढ़कर 12 हजार 380 सर्किट किलोमीटर हो गई है।

प्रदेश में लागू सस्ती और सहज बिजली की योजना ने वर्षों से बिजली की चाह में जी रहे अनेक गरीबों के घरों को अंधियारे से आजादी दिला दी है। उपभोक्ताओं की सेवा में दिन रात जुटे विद्युत कर्मियों के जज्बे को प्रोत्साहित करने पॉवर होल्डिंग कंपनी द्वारा अनेक कर्मचारी हितैषी कदम उठाये गये हैं।





समारोह में पॉवर कंपनीज के प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा, श्री के.आर.सी मूर्ति एवं डायरेक्टर सर्वश्री जी.सी.मुखर्जी, एच.आर. नरवरे, ओ.सी.कपिला, अजय दुबे, ईडी. श्री आनंद तिवारी, कार्यक्रम के संयोजक महाप्रबंधक हरीष पाण्डे, एजीएम अखिलेश सत्संगी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। समारोह में सुरक्षा विभाग के अधिकारी सर्वश्री आर.के.साहू, पी.एस.सिंह, रमेश सिंह पोर्ते, तिजुराम नेताम, ऋषि वर्मा, योगेश साहू, ताराचंद बेन के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट परेड की प्रस्तुति की गई। समारोह का आखों देखा हाल अति. महामहाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा ने प्रस्तुत किया।

# पॉवर कंपनीज में प्रशिक्षित अभियंताओं को प्रमाण पत्र वितरित



**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में नवनियुक्त सहायक अभियंताओं के प्रशिक्षण सत्र समापन दिवस पर प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन 27 अगस्त को किया गया। गुढ़ियारी स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षु अभियंताओं को भारत सरकार द्वारा प्रायोजित पॉवर सेक्टर स्किल काउंसिल (पी.एस.एस.सी.) नई दिल्ली द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।**

समापन समारोह में पॉवर कंपनीज के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने अभियंताओं को प्रमाण पत्र वितरित करते हुये कहा कि मानव जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं में बिजली का स्थान सर्वोपरि है। बिजली की उपलब्धता से लेकर निर्बाध आपूर्ति में पॉवर कंपनीज के अभियंताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्य-संस्था के प्रति जिम्मेदारी, समर्पण के साथ ही तकनीकी कार्यों में दक्षता लाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण का विशेष महत्व है।

इस अवसर पर पॉवर सेक्टर स्किल काउंसिल नई दिल्ली के सी.ई.ओ. ने बताया कि पॉवर सेक्टर में दक्ष कर्मियों की अत्यन्त आवश्यकता होती है। इसकी पूर्ति हेतु पी.एस.सी.सी. द्वारा पॉवर कम्पनीज के 3 हजार 32 सौ कर्मियों को प्रशिक्षण देने का कार्य आरंभ किया गया है।

कार्यक्रम में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अब्दुल हक ने प्रशिक्षुओं को लेटेस्ट टेक्नालाजी को सीखने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्युत के क्षेत्र में नित नये खोज एवं शोध हो रहे हैं। सेवायात्रा में इनसे अपडेट रहना आवश्यक है। इसी क्रम में एमडी श्रीमती तृप्ति सिन्हा ने टीम भावना के साथ शासन की नीति पॉवर फार ऑल को साकार करने के लिये कार्यदक्षता में वृद्धि के साथ ही आचार व्यवहार को उत्कृष्ट बनाये रखना होगा। प्रशिक्षुओं को एमडी श्री के.आर.सी. मूर्ति ने संबोधित करते हुये कहा कि नये तकनीकी ज्ञान के साथ ही व्यक्तित्व, विकास हेतु प्रशिक्षण की बड़ी महत्ता है।

कार्यक्रम में पॉवर कंपनीज के डायरेक्टर सर्वश्री जी.सी. मुखर्जी, एच.आर.नरवरे, अजय दुबे ने भी विचार व्यक्त करते हुये कहा कि शासकीय सेवकों को पब्लिक लाईफ में सफल होने के लिये किताबी ज्ञान को व्यवहारिक कार्यों में बेहतर ढंग से उपयोग करना आना चाहिये। सेवायात्रा में शीर्ष पदों पर वही पहुंचते हैं जो कार्यों में सतत् निखार लाने अध्ययनशील बने रहते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता श्री आर.बी. त्रिपाठी ने आभार प्रदर्शन एवं अतिरिक्त महाप्रबंधक(जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# सार्थक संस्था ने किया प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी लिमिटेड बिलासपुर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सामाजिक संस्था सार्थक द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कल्याण भवन तिफरा में किया गया। कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड व छत्तीसगढ़ बोर्ड के विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं के साथ ही शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति गीत, नृत्य, शुद्ध लेखन, रंगभरो जैसे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्षता अनिल व्यास ने की। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता श्री ए.के. श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियंता वी.के. दीक्षित, कार्यपालन अभियंता अमर चैधरी एवं संस्था के संतोष महतो, कमलेश सिंह, कमलेश शुक्ला, मनीष क्षत्री, तापस जी. महेश, लालू कौशिक निर्मला ध्रुव एवं महेश श्रीवास उपस्थित थे।

# सी.टी.आई में विदाई समारोह

केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान के मुख्य अभियंता श्री आर.बी. त्रिपाठी की सेवानिवृत्ति पर सीटीआई में आयोजित विदाई समारोह में डायरेक्टर श्री एच.आर.नरवरे ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए मंगलमय जीवन की कामना की। समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आई.एल. देवांगन सहित उच्चाधिकारी श्रीमती मधुलिका मिंज, श्री मुकेश साहू, श्री पी.बी.बंजारे एवं पी.एस.एस.सी. के को-आर्डिनेटर श्री अरूण भटनागर ने पुष्पगुच्छ से स्वागत-अभिनंदन किया।



# स्वतंत्रता दिवस पर पॉवर कंपनीज के 18 उत्कृष्ट कर्मी हुये पुरस्कृत



**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनीज मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस 2019 के अवसर पर 18 विद्युत कर्मियों को उत्कृष्ट कार्यनिष्पत्ति के लिये पुरस्कृत किया गया। प्रदेशभर से चयनित इन कर्मियों ने तकनीकी, प्रशासनिक, वित्तीय क्षेत्रों के अलावा उपभोक्ता सेवा संबंधी कार्यों का निष्पादन विपरीत परस्थितियों में बेहतर ढंग से किया।**

उत्कृष्ट कार्यों के लिये पुरस्कृत कर्मियों को पॉवर कम्पनीज के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला द्वारा पारितोषिक, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। श्री शुक्ला ने उत्कृष्ट कर्मियों के कार्यों को अन्य कर्मियों के लिये प्रेरणास्पद निरूपित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य का कुशलतापूर्वक संपादन टीमवर्क के बूते हो सकता है। अतः पुरस्कृत कर्मियों की कार्यनिष्पत्ति को बेहतर बनाने में सहयोगी कर्मियों की भी भूमिका सराहनीय है। इसके लिये हार्दिक बधाई।

पुरस्कृतजनों के उत्कृष्ट कार्यों पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री हरीष पाण्डेय ने प्रकाश डाला। पॉवर कंपनी मुख्यालय सेवाभवन के प्रागंण में आयोजित राज्यस्तरीय पुरस्कार समारोह में श्रीमती श्वेता सिंह लाल, सर्वश्री घनश्याम बंजारे, बंशीह बघेल, नूरेन्दर कुमार साहू, लेखराम साहू, सुखराम कौशिक, सी.एस. खानवलकर, रामइकबाल सिंह, महेन्द्र कुमार तिवारी को रुपये दस हजार पारितोषिक, प्रमाण पत्र एवं प्रशस्ति पत्र से अलंकृत किया गया।

इसी तरह केन्द्रीय कार्यालयों से पुरस्कृत हुये सर्वश्री युगल किशोर देवांगन, एस.आर. साहू, एस.के. बण्ड, राजेश कुमार सोलंकी, भूपेन्द्र कुमार टांक, राजीव झा, प्रहलाद पटेल, दिलीप अग्रवाल, राहुल कदम को रुपये पॉच हजार पारितोषिक, पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

पुरस्कृतजनों को प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा, श्री के.आर.सी मूर्ति एवं डायरेक्टर सर्वश्री जी.सी.मुखर्जी, एच.आर.नरवरे, ओ.सी.कपिला, अजय दुबे, ईडी. श्री आनंद तिवारी, कार्यक्रम के संयोजक महाप्रबंधक हरीष पाण्डे, एजीएम अखिलेश सत्संगी ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।

## आदर्शिनी महिला मंडल द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम



आदर्शिनी महिला मंडल रायपुर द्वारा अध्यक्षा श्रीमती अनिता शुक्ला के नेतृत्व में इसमें सक्रिय भागीदारी दी। उपाध्यक्षा श्रीमती रमा मूर्ति, एक्सीक्यूटिव मेंबर श्रीमती आभा शुक्ला व अंजलि चंद्रा एवं सचिव श्रीमती अनिता नाहर जैन एवं अन्य सदस्यों इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई तथा कार्यक्रम को यादगार बनाये रखने के लिए अध्यक्षा श्रीमती अनिता शुक्ला ने पौधारोपण कर पर्यावरण हितैषी बनने का संदेश दिया। साथ ही सभी सदस्यों को पौधे भी वितरित किये गये।

कार्यक्रम का संचालन सहसचिव श्रीमती सविता सचदेव, आभार प्रदर्शन सहसचिव श्रीमती अनिता खन्ना द्वारा किया गया। महिला मण्डल की कोषाध्यक्ष श्रीमती सरोजनी दुबे एवं ममता मिश्रा का सहयोग सराहनीय रहा।

# आदर्शिनी महिला मण्डल का वार्षिकोत्सव संपन्न



आदर्शिनी महिला मण्डल का वार्षिकोत्सव 2018-19 चेयरमेन श्री शैलेन्द्र शुक्ला एवं ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी श्रीमती तृप्ति सिन्हा की गरिमामय उपस्थिति में हॉटल एम्ब्रोशिया में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महिला मण्डल की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती रेखा सिंह की विदाई एवं नवपदस्थ अध्यक्षा श्रीमती अनिता शुक्ला का स्वागत करते हुये क्लब की सदस्याओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम का संचालन सहसचिव श्रीमती सविता सचदेव एवं आभार सचिव श्रीमती शोभा सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी आमंत्रित अतिथियों को उपहार प्रदान कर अभिनंदन किया गया। कार्यकारिणी सदस्य आभा शुक्ला, अंजली चंद्रा, सुषमा सिंह, ममता मिश्रा, सरोजनी दुबे, अनिता खन्ना, आषा शर्मा, सीमा परिहार, सपना जैन एवं नीलम भादे का सहयोग सराहनीय रहा।



# ईंधन के मूल्य वृद्धि से वीसीए चार्ज

**प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को कोयले एवं तेल की कीमत में वृद्धि होने के कारण वेरियेबल कॉस्ट एडजस्टमेंट (वीसीए) चार्ज देना होता है। इस चार्ज के निर्धारण का प्रावधान इलेक्ट्रिसिटी एक्ट की धारा 62(4) के तहत् किया गया है।**

वीसीए दर का निर्धारण राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी नियमों तथा दिशा-निर्देशों के तहत किया जाता है इसके निर्धारण में वितरण कंपनी अथवा राज्य शासन की कोई निर्णायक भूमिका नहीं रहती है। वीसीए चार्ज का समायोजन देश के सभी विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा समय-समय पर किया जाता है, जिसका भुगतान सभी उपभोक्ताओं को करना पड़ता है। छत्तीसगढ़ में 30 जून 2012 से बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए चार्ज लेना आरंभ किया गया था। यह चार्ज समय-समय पर कम-ज्यादा होता रहता है। वर्तमान में यह दर केवल 13 पैसे प्रति यूनिट है जो कि जुलाई 19 तथा अगस्त 19 के बिल में समायोजित किया जायेगा।

विद्युत उत्पादन करने के लिये मुख्य रूप से कोयला एवं तेल की आवश्यकता ईंधन के रूप में विद्युत गृहों में होती है। इन दोनों प्रमुख घटकों की कीमत बाजार मूल्य के अनुरूप घटती-बढ़ती रहती है, जिसका निर्धारण केन्द्र सरकार द्वारा किया जाता है। इसी तरह विद्युत दरों का निर्धारण राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा किया जाता है। विद्युत दरों के निर्धारण के उपरांत कोयला एवं तेल की कीमत में परिवर्तन का प्रभाव विद्युत दरों पर भी पड़ता है, अतः इन घटकों की बढ़ी अथवा घटी हुई कीमत का समायोजन विद्युत दरों में करने के लिये प्रत्येक तीन माह में इसका आंकलन किया जाता रहा है और घटी-बढ़ी राशि को वी.सी.ए. (वेरियबल कॉस्ट एडजस्टमेंट) चार्ज के रूप में बिजली बिल में जोड़कर अथवा घटाकर उपभोक्ताओं से परिवर्तित राशि ली जाती है।

वीसीए की दर की गणना मई 2012 से लेकर सितम्बर 2015 तक त्रैमासिक आधार पर की जाती रही है तत्पश्चात यह दर द्विमासिक आधार पर की जा रही है। प्रदेश में अब तक अधिकतम 51 पैसा प्रति यूनिट वीसीए चार्ज समायोजित करने का निर्णय किया गया है जो कि अप्रेल तथा मई 2017 के बिलों में समायोजित किया गया था। प्रदेश में नवगठित सरकार द्वारा एक मार्च से हाफ रेट पर बिजली भुगतान की योजना लागू की गई है जिसके अन्तर्गत घरेलू उपभोक्ताओं को प्रथम 400 यूनिट की बिजली खपत पर आधे दर से भुगतान करना होता है। इस योजना का लाभ वीसीए चार्ज पर भी मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि किसी भी वितरण कंपनी के कुल खर्चे का लगभग 75 से 80 प्रतिशत खर्चा पॉवर परचेस के रूप में व्यय होता है, यह खर्चा विद्युत उत्पादन में लगने वाले फ्यूल अर्थात कोयले के क्रय मूल्य में कमी अथवा बढ़ोत्तरी के कारण अनिश्चित-अनियंत्रित रहता है। विदित हो कि विद्युत दर का निर्धारण वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने के पूर्व राज्य नियामक आयोग द्वारा कर दिया जाता है। दर निर्धारण के पश्चात् अन्य कारणों से विद्युत दर में बढ़ोत्तरी होने की स्थिति में विद्युत वितरण कंपनी पर पड़ने वाली अतिरिक्त वित्तीय भार को समायोजित करने का प्रावधान इलेक्ट्रिसिटी एक्ट की धारा 62(4) में किया गया है।

इस धारा के तहत् विद्युत अपीलीय प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा 11 नवम्बर 2011 को जारी आदेश के तहत् राज्य नियामक आयोगों को निर्देशित किया गया कि वितरण कंपनी पर फ्यूल तथा पॉवर परचेस कॉस्ट के कारण पड़ने वाले अतिरिक्त भार को मासिक आधार पर समायोजित करने के लिये एक रेग्यूलेशन (विनियमन) जारी किया जाये। इस निर्देश के तहत् छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा 30 जून 2012 से फ्यूल कॉस्ट तथा विरेयेबल कॉस्ट समायोजन करने की प्रक्रिया को अधिसूचित किया गया है। जिसके तहत् मई 2012 के पश्चात् सभी उपभोक्ताओं के मासिक बिलों में फ्यूल तथा वेरियेबल कॉस्ट (जिसे वीसीए के रूप में परिभाषित किया गया है) के रूप में समायोजित किया जा रहा है।

## पिछले एक वर्ष की वीसीए की दर निम्नानुसार रही है :

| | |
|---|---|
| जुलाई-अगस्त 2018 | (-) 02 पैसा |
| सितम्बर-अक्टूबर 2018 | 07 पैसा |
| नवम्बर- दिसम्बर 2018 | 04 पैसा |
| जनवरी-फरवरी 2019 | 04 पैसा |
| मार्च -अप्रेल 2019 | 08 पैसा |
| मई-जून 2019 | (-) 01 पैसा |
| जुलाई-अगस्त 2019 | 13 पैसा |

# बैटरी चलित कार सेवायें लेने ईईएसएल के साथ हुआ अनुबंध




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज द्वारा पर्यावरण हितैषी कार्यों को बढ़ावा देने अनेक कारगर कदम उठाये गये हैं। इस दिशा में आगे बढ़ते हुये ई-व्हीकल के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिये पॉवर कम्पनीज और भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इनर्जी एफिशिएंसी लिमिटेड (ईईएसएल) के साथ 28 अगस्त को अनुबंध किया गया। इसके तहत् पॉवर कंपनी को बैटरी चलित कार, ईईएसएल उपलब्ध करायेगी। पॉवर कंपनीज के चेयरमेन श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने पर्यावरण संरक्षण के लिये उठाये गये इस कदम को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि ई-व्हीकल का उपयोग प्रदूषण नियंत्रण के साथ आर्थिक दृष्टि से भी लाभकारी सिद्ध होगा।

पॉवर कंपनीज के कार्यों के लिये पहली बार इलेक्ट्रिक व्हीकल इस्तेमाल करने की पहल की गई है। इस हेतु निष्पादित अनुबंध में हस्ताक्षर पॉवर कंपनी के अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री ए.के. सतसंगी एवं ईईएसएल के क्षेत्रीय प्रमुख श्री वेदप्रकाश ने किया। अनुबंध निष्पादन कार्यक्रम में पॉवर होल्डिंग कंपनी के महाप्रबंधक श्री हरीश पाण्डेय, उपमहाप्रबंधक श्री जितेन्द्र मेहता, प्रबंधक श्री आनंद मोखरीवाल एवं इलेक्ट्रिक व्हीकल के स्टेट कोआर्डिनेटर श्री अनुनय जैन उपस्थित थे।

इस अवसर पर ईईएसएल के क्षेत्रीय प्रमुख श्री वेदप्रकाश ने बताया कि बैटरी चलित कार को फुल चार्ज करने के लिये 16 यूनिट बिजली की आवश्यकता होती है। फुल चार्ज कार 140 किलोमीटर तक चलती है। इसकी रनिंग कॉस्ट 90 पैसे प्रति किलोमीटर के करीब आती है, जबकि पेटोल चलित कार का बाजार भाव लगभग रुपये 7.00 है। बैटरी चलित वाहनों में भारत सरकार के निर्देशानुसार हरे रंग के नम्बर प्लेट लगाये जाते हैं, जो कि पर्यावरण हितैषी वाहन होने का संकेत देते हैं। पॉवर कंपनी में अनुबंध के तहत लगी बैटरी चलित कार का मेन्टेनेंस पांच वर्षों तक फ्री है तथा कार को चार्ज करने के लिये चार्जिंग स्टेशन की स्थापना भी ईईएसएल करेगी।

# पॉवर कंपनी में सदभावना दिवस का आयोजन

पॉवर कंपनी मुख्यालय विद्युत सेवाभवन के प्रागंण में 20 अगस्त को सद्भावना दिवस पर विद्युत कर्मियों द्वारा आपसी सद्भावना को बनाये रखने का संकल्प लिया गया। कंपनीज अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला द्वारा सद्भावना दिवस प्रतिज्ञा का वाचन किया गया, जिसे उपस्थितजनों ने दुहराकर शपथ लिया। इस अवसर पर ट्रांसमिशन कंपनी की एमडी श्रीमती तृप्ति सिन्हा, जनरेशन कंपनी के एमडी श्री के.आर.सी. मूर्ति एवं डारेक्टर श्री जी.सी. मुखर्जी सहित जनरेशन, ट्रांसमिशन, डिस्ट्रीब्यूशन, ट्रेडिंग एवं होल्डिंग कंपनी के अधिकारियों/कर्मचारियों ने धर्म, भाषा का भेद भाव के बिना भावनात्मक एकता को मजबूत बनाने सहित संवैधानिक माध्यम से मदभेद सुलझाने का शपथ लिया।



कार्यक्रम के संयोजक पॉवर होल्डिंग कंपनी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री हरीश पाण्डेय ने विशिष्टजनों की आगवानी की तथा देश हित में जाति सम्प्रदाय से परे हिंसा के सहारा लिये बिना देशहित में सदेव जुटे रहने को सब के लिये हितकारी कहा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की जयंती पर आयोजित सदभावना दिवस के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। सद्भावना दिवस प्रतिज्ञा कार्यक्रम को आयेजित करने में वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री अतुल तिवारी एवं औद्योगिक संबंध अधिकारी कार्यालय के कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही।

# पॉवर कंपनी डिस्पेंसरी में "रेटिनोपेथी टेस्ट केम्प" संपन्न

पॉवर कम्पनीज मुख्यालय डंगनिया औषधालय में 03 जुलाई को आयोजित "रेटिनोपेथी टेस्ट केम्प" में करीब 150 मधुमेह (डायबिटिज) ग्रसित अधिकारियों/कर्मचारियों की नेत्र जॉच के दौरान "हाईटेक्नीक टेस्ट" का लाभ मिला। रेटिनोपेथी विषय विशेषज्ञों की टीम में शामिल डॉ. आनंद सक्सेना, डॉ. नीरजा सक्सेना, डॉ. ज्योति एवं कोआर्डिनेटर श्री तकदीर जैन सहित अरविंदो नेत्रालय के अन्य कर्मियों ने सूक्ष्मतापूर्वक जांच की। शिविर में डायरेक्टर



श्री अजय दुबे ने केम्प को बहुपयोगी बताया।

रेटिनोपेथी टेस्ट केम्प में ऑल इण्डिया ऑप्थेल्मोलाजिकल सोसायटी सहित पॉवर कम्पनी के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऊषा पिल्लई, डॉ. के.एस. छाबड़ा, चिकित्सा अधिकारी डॉ. निलेश सिंह ने डायबिटिज के मरीजों को समुचित सलाह देते हुये कहा कि "अवर मिशन-यूअर विजन" है। उन्होंने नेत्र की सुरक्षा हेतु बरती जाने वाली सावधानियों के प्रति भी शिविर में शामिलजनों को जागरूक किया।

# प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के सहायक अभियंताओं के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी मुख्यालय में 31 अगस्त को प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के सहायक अभियंताओं के कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद अब्दुल कैसर हक ने कहा है कि विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सेवा उपलब्ध कराने में मैदानी अमले की भूमिका अहम होती है। मैदानी अधिकारियों को इसलिए अधिक जिम्मेदारी और समन्वय के साथ काम करने की आवश्यकता है। उपभोक्ता सेवा एवं संतोष में वृद्धि हेतु कार्यस्थल पर तत्परता से सेवायें देने के साथ ही विद्युत विषयक कार्यों का निष्पादन पारदर्शिता के साथ करने उन्होंने निर्देशित किया। श्री हक ने नियमित मीटर रीडिंग, बकाया बिल की वसूली, विद्युत चोरी पर नियंत्रण तथा वितरण हानि कम करने के लिए नियमित अभियान चलाने पर जोर दिया।

बैठक में श्री हक ने बताया कि उपभोक्ताओं को सुचारू तथा गुणवत्तापूर्ण विद्युत सेवा सुनिश्चित करने के लिए अनुविभागीय स्तर पर अधिकारियों के दायित्व तय किए जा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित निराकरण आपसी संवाद और संपर्क से हो सकेगें। बैठक के दौरान मैदानी अभियंताओं से कार्यस्थल पर होने वाली कठिनाइयों की जानकारी ली गई तथा जल्द दूर करने हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर वितरण कंपनी के डॉयरेक्टर श्री एच.आर.नरवरे ने बकाया बिजली बिल की वसूली में सबके साथ समान व्यवहार करने तथा बिजली कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाही लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारियों की स्टॉफ की कमी की समस्या को भर्ती तथा युक्तियुक्तकरण के माध्यम से जल्द से जल्द दूर किए जाने की बात कही। बैठक में मुख्य अभियंता (संचारण एवं संधारण) श्री बजरंगी मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री ए.पी.सिंह समेत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के सहायक अभियंता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# बीजापुर के नौ गांवों में पारम्परिक तरीके से बिजली पहुंचाने पहल

**राज्य शासन की नीति ''पॉवर फार ऑल'' को साकार करने हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा सुदूर ग्रामीण वनांचल एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में बिजली पहुंचाने का काम युद्धस्तर पर किया जा रहा है।**

इसके अन्तर्गत प्रदेश के ऐसे क्षेत्रों को सर्वोच्च प्राथमिकता से चिन्हांकित किया गया है जहां कि छत्तीसगढ़ के बजाय पड़ोसी राज्यों से बिजली की आपूर्ति करना सहज होगा। ऐसे ही क्षेत्रों में बीजापुर जिले के दो पंचायतों के नौ गांव को तेलंगाना राज्य की विद्युत प्रणाली से सम्बद्ध कर विद्युतीकृत करने कारगर पहल की गई है।



बीजापुर जिले के धुर माओवाद प्रभावित पामेड़ और झाड़पल्ली के अनेक गांव तेलंगाना राज्य की सीमा से लगे हुये हैं, अतः यहां तेलंगाना राज्य से बिजली आपूर्ति करना सुरक्षित तरीके से संभव हो सकेगा। इस हेतु डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा सर्वे रिपोर्ट सहित अन्य वैधानिक औपचारिकतायें पूरी करके तेलंगाना राज्य को बिजली आपूर्ति का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

बीजापुर जिले के अविद्युतीकृत गांवों तक बिजली पहुंचाने हेतु गांवों में विद्युत पोल पहुंचाने का कार्य आरंभ कर दिया गया है। यहां पर 11 के.व्ही.क्षमता के नौ-दस किलोमीटर तक विद्युत लाईन निर्मित की जायेगी, जिसमें एचटी मीटर लगाया जायेगा। तेलंगाना द्वारा सप्लाई की जाने वाली बिजली की गणना इस मीटर के माध्यम से करके बिजली का भुगतान तेलंगाना सरकार को किया जायेगा।

बीजापुर के अंतर्गत शामिल पामेंड़ और झाड़पल्ली पंचायतों के गांवों को अंधियारे से आजादी दिलाने की कारगर पहल आजादी के 72 वर्षों के उपरांत की गई है। घने जंगलों के बीच स्थित गांव पामेड़, गाजीगुड़ा, इंकल, मेदीगुड़ा, यमपुर, टोंगड़ा, टेकलेर, झाड़पल्ली, पेडाधरमाधम में बिजली सप्लाई हेतु आवश्यक अधोसंरचना का निर्माण कार्य तेजी से जारी है।

# पॉवर कंपनी मुख्यालय में विदाई समारोह



पॉवर कंपनी मुख्यालय से जुलाई माह में सेवानिवृत्त हुए कार्यपालक निदेशक श्री वी.के. चड्ढा एवं श्री आर.के.अवस्थी सहित सर्वश्री मनीष कुमार झारिया, देवाशीष राय, बी श्यामसुंदर राव, गोपाल प्रसाद यादव, द्वारिका प्रसाद साहू, रामकेश्वर चौरसिया, केपी कुजूर, आरके हरदिहा, फिरंताराम साहू एवं तानसिंह चौहान को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र कुमार शुक्ला एवं प्रबंध निदेशक सर्वश्री एमडी (ट्रांसमिशन) श्रीमती तृप्ति सिन्हा, एमडी (जनरेशन) श्री के.आर.सी मूर्ति एवं डायरेक्टर सर्वश्री जी.सी.मुखर्जी, एच.आर.नरवरे, ओ.सी.कपिला एवं अजय दुबे ने सेवानिवृत्त हुये अधिकारियों को प्रतीकात्मक भेंट, प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। अध्यक्ष श्री शुक्ला ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी बेहतर कार्य का प्रदर्शन पॉवर कंपनी की पहचान है। इसका श्रेय कंपनी के अधिकारियों-कर्मचारियों को जाता है।

इस अवसर पर एम.डी. श्रीमती सिन्हा एवं श्री मूर्ति ने छत्तीसगढ़ में हुये विद्युत विकास का श्रेय सेवानिवृत्तजनों को देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डीजीएम श्री आर.के.श्रीवास्तव एवं संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री विजय मिश्रा एवं सहायक प्रकाशन अधिकारी गोविंद पटेल ने किया।



# होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग में विदाई-स्वागत कार्यक्रम





पॉवर होल्डिंग कंपनी के मानव संसाधन विभाग के अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री एस.के. मेहता एवं प्रबंधक श्रीमती मल्लिका बैक उपमहाप्रबंधक श्री एस.के. खरे का स्थानान्तरण पर विदाई समारोह एवं नवागत अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री ए.के.सतसंगी, उपमहाप्रबंधक श्री के.एस. भारती का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री एच.के. पाण्डेय ने स्थानांतरित-नवागत अधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मैदानी कार्यों के साथ-साथ नवागत अधिकारियों को कार्यालयीन कार्यों का भी अनुभव है। दीर्घ अनुभवी अधिकारियों के आत्मविश्वास का लाभ कार्यालयीन कार्यों के त्वरित निष्पादन में मिलता है।

कार्यक्रम में विधि सलाहकार श्री एन.के.पी. सिंह, मुख्य सतर्कता अधिकारी एस.के.शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एच.एल.पंचारी, उपमहाप्रबंधक सर्वश्री जितेन्द्र मेहता, सुनील खरे, जी.खण्डेलवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) श्री विजय मिश्रा एवं सहायक प्रकाशन अधिकारी श्रीमती अनामिका मण्डावी ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. अल्पना शरत तिवारी ने किया।

# डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी (एच.आर.) के एस.ओ. श्री राव की विदाई

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग से अगस्त माह में सेवानिवृत्त हुये अनुभाग अधिकारी श्री एन. नरसिंग राव को कार्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। समारोह में वितरण कंपनी के महाप्रबंधक श्री वी.के.साय, द्वारा शॉल श्रीफल एवं प्रतिकात्मक चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थिति अति.महाप्रबंधक जनसंपर्क श्री विजय मिश्रा, उपमहाप्रबंधक श्रीमती सरोज तिवारी एवं मैनेजर एचआर आर.एन.द्विवेदी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर श्री राव का स्वागत कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी श्री राजेश ठाकुर, श्रीमती मल्लिका बेक, श्री अशोक कुमार नायडू, श्री पंचराम साहू, श्रीमती शिल्पी राय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अनुप्रिया गढेवाल एवं श्री डी.एल.मूर्ति ने गायन के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति दी। कार्यक्रम का संचालन मैनेजर एचआर. श्री विकास श्रीवास्तव द्वारा किया गया।



# मनखे के मितान होथें रूख-राई - श्री शुक्ला



पॉवर कम्पनी मुख्यालय डंगनिया में 06 जुलाई को आयोजित वन महोत्सव कार्यक्रम में अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला, प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों/कर्मचारियों ने पौधा रोपण कर प्राकृतिक सुंदरता को बनाये रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पेड़ पौधों को मानव जीवन के लिये बहुपयोगी बताते हुये अध्यक्ष श्री शुक्ला ने कहा कि "मनखे के मितान होथें रूख-राई"। जिस तरह विभिन्न त्यौहारों-पर्वों पर आमजन बढ़-चढ़कर भागीदारी देते हैं उसी तरह वन महोत्सव में भी सबकी सहभागिता पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से आवश्यक है।

डंगनिया परिसर में वन महोत्सव पर पौधा रोपण करने हेतु कंपनी के सिविल संकाय की टीम सर्वश्री ए.के. जुल्मे, प्रमोद गढ़ेवाल के मार्गदर्शन द्वारा खाद, पानी, पौधा, ट्री-गार्ड की समुचित व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक/मुख्य अभियंता सर्वश्री व्ही.के.चड्ढा, के.एस.मनोटिया, डब्लू.आर.वानखेड़े, एम.ए.अंसारी, वाई.बी.जैन, आर.सी. अग्रवाल सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियो ने पौधारोपण किया।

# फौजी भाइयों के सम्मान में लिखे संदेश, भेजी राखियां



बिलासपुर क्षेत्र के महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सार्थक संस्था, लायंस क्लब व नईदुनिया प्रेस के साथ मिलकर तिफरा स्थित कार्यालय प्रांगण में सभी बहनों से राखियां एकत्रित की और उन्हे सरहद में तैनात फौजी भाईयों के लिए भेजा। इस अवसर पर विद्युत कर्मियों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी और अपने-अपने विचार रखते हुए इस आयोजन की सराहना की। सभी ने कहा कि यह आयोजन देशहित में है और इससे देशवासियों के मन में देश की सेवा का संकल्प जन्म लेगा और वे ऐसे कार्यक्रम के प्रति संवेदनशील बनेंगे और अपनी सहभागिता देंगे।

# 132 के.व्ही. उपकेन्द्र सिलतरा-दो का निर्माण कार्य आरंभ



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा रायपुर के निकट सिलतरा में 132/33 के.व्ही. अतिउच्चदाब उपकेन्द्र के निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्य 04 जुलाई को किया गया। 23.82 करोड़ की लागत से निर्मित इस उपकेन्द्र को पॉवर कंपनीज अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा के लिए एक बड़ी सौगात बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए लगभग एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत की करीब 36 परियोजनाएं चिन्हांकित की गई है। जिन्हें आगामी वर्ष में पूरा किया जाना है।

इन परियोजनाओं में 132 के.व्ही. उपकेन्द्र सिलतरा-दो का निर्माण कार्य भी शामिल है जो कि अगले एक वर्ष में पूर्ण किया जावेगा। इस 132 के.व्ही. उपकेन्द्र के अलावा नौ करोड़ रुपये की लागत से 132 के.व्ही. सिलतरा-जगदम्बा एवं सिलतरा- एस.के.एस. लीलो लाईन का लीलो निर्माण कार्य भी किया जाना है।

कार्यक्रम में उपस्थित ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमति तृप्ति सिन्हा ने बताया कि सिलतरा में पहले से ही 220/132/33 के.व्ही. का एक उपकेन्द्र क्रियाशील है, किन्तु सिलतरा में हो रहे उद्योग जगत के विस्तार और बढ़ती विद्युत मांग की निर्बाध आपूर्ति हेतु एक अतिरिक्त उपकेन्द्र की आवश्यकता थी। इस अवसर पर ट्रांसमिशन कंपनी की टीम में शामिल उच्चाधिकारी सर्वश्री डब्ल्यू आर वानखेड़े, ओ.पी.सिंह, एम.ए.अंसारी, वाई.बी.जेन एवं अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# रायपुर क्षेत्रीय मुख्यालय में वृक्षारोपण महोत्सव





क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी परिसर में 13 जुलाई को आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में पॉवर कम्पनी अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला, पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद कैसर अब्दुल हक (आई.ए.एस.) डायरेक्टर द्वय सर्वश्री जी.सी.मुखर्जी, एच.आर. नरवरे सहित अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों ने विविध प्रकार के पौधे रोपे। कार्यक्रम के संयोजक कार्यपालक निदेशक श्री आर.के. अवस्थी, श्री कैलाश नारनवरे, मुख्य अभियंता श्री ए.पी. सिंह एवं श्री एन.पी.सिंह ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया।

इस अवसर पर कंपनीज अध्यक्ष श्री शुक्ला ने कहा कि प्राणीजगत के सुखद भविष्य को सुनिश्चित करने हेतु बड़ी संख्या में पौधे रोपने और उनके पालन-पोषण का दायित्व समाज के प्रत्येक व्यक्ति का है। इसी क्रम में एमडी श्री हक ने कहा कि पौधे रोपते समय जिस उत्साह का परिचय देते हैं उससे कहीं ज्यादा उमंग पौधे की देखरेख, खाद-पानी देने जैसे कार्यों में भी होना चाहिये। वन महोत्सव कार्यक्रम हेतु विविध पौधों के चयन करने में कनिष्ठ अभियंता गौरवा वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

रायपुर क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी परिसर में संपन्न हुये वृक्षारोपण महोत्सव में कार्यपालक निदेशक श्री संदीप मोदी, श्री एस.के. ठाकुर, मुख्य अभियंता श्री बजरंगी मिश्रा, श्री हर्ष गौतम, श्री ओ.पी.सिंह, श्री संजीव सिंह, श्री आर.ए. पाठक, श्री ए.के. गौरहा, श्री विजय शर्मा, श्री ए.के. लखेरा, श्री संदीप गुप्ता, एन. बिम्बिसार, डॉ. विवेक गोले, कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा, आदि ने पौधा रोपण किया।

## सर्वाधिक बिजली मांग का कीर्तिमान

प्रदेश इतिहास में सर्वाधिक बिजली की मांग का कीर्तिमान जुलाई माह में दर्ज हुआ। अल्प वर्षा की स्थिति से बढ़ती भीषण गर्मी के कारण बिजली की रिकार्डतोड़ मांग 4760 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति की गई। अधिकतम मांग की स्थिति में भी प्रदेश में कहीं भी बिजली की किल्लत अथवा लोडषेडिंग की स्थिति पॉवर कंपनी के कुशल प्रबंधन के बूते नहीं आई।

पिछले पांच वर्षों में विद्युत की बढ़ती हुई मांग के आंकड़ों के अनुसार जुलाई माह के वर्ष 2013 में 2805, वर्ष 2014 में 3016, वर्ष 2015 में 3886, वर्ष 2016 में 3581, वर्ष 2017 में 3921 एवं वर्ष 2018 में 3977 मेगावॉट बिजली की मांग दर्ज की गई थी। इस वर्ष जुलाई 2019 में 4760 मेगावॉट बिजली की मांग दर्ज की गई है, जो पिछले छः वर्षों की तुलना में सबसे ज्यादा है।

## आफिसर्स क्लब रायपुर में "धरा हो हरा" कार्यक्रम संपन्न



आफिसर्स क्लब डंगनिया में 31 जुलाई को आयोजित "धरा हो हरा" कार्यक्रम में चेयरमेन श्री शैलेन्द्र शुक्ला, पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद कैसर अब्दुल हक (आई.ए.एस.), ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा, जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री के.आर.सी. मूर्ति, सहित डायरेक्टर सर्वश्री जी.सी.मुखर्जी, एच.आर. नरवरे, ओ.सी. कपिला, अजय दुबे एवं अन्य उच्चाधिकारियों ने मौलश्री एवं अशोक का रोपण किया।

आफिसर्स क्लब के सचिव- अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.एस. छाबड़ा ने कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन किया। अंत में उन्होंने आभार व्यक्त करते हुये रोपे गये पौधों की सुरक्षा के लिये क्लब के सदस्यों को संकल्पित किया।

# ट्रांसमिशन कंपनी के छह कर्मी उत्कृष्ट सेवा के लिए पुरस्कृत



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह कर्मियों को प्रबंध निदेशक श्रीमती तृप्ति सिन्हा ने मैडल और पांच-पांच हजार रुपए प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हमें हर काम को बेहतर से बेहतर तरीके से करना चाहिए। ताकि हम खुद से प्रेरित हो सके और दूसरों को भी प्रोत्साहित कर सकें।

डंगनिया स्थित भार प्रेषण केंद्र में 220 केवीए अतिउच्चदाब उपकेंद्र के परीक्षण सहायक श्री पीजे माइकल को पुरस्कृत किया गया। उनहोंने 10 मई को भिलाई के 220 केवीए सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर में लगी आग तो अपनी सूझबूझ और साहस से अग्निशमन यंत्रों का उपयोग करके बचाया। इससे कंपनी को 4 करोड़ रुपए के आशांकित नुकसान से बचाया जा सका। इसी तरह भिलाई के परिचारक भारत लाल साहू को डोंगरगांव-मोहला के 132 केवीए और 220 केवीए गुरुर-कुरुद लाइन के विस्तार में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

नक्सल प्रभावित और दुर्गम जंगल वाला क्षेत्रों होने के कारण यहां काम करना मुश्किल था। फिर भी श्री साहू ने भूमि का चिन्हांकन, मुआवजा प्रकरण तैयार करना और वृक्षों के सर्वे का काम पूरा किया। भिलाई के धर्मेंद्र कुमार वर्मा को खेदामारा-उरला 220 केवीए और भिलाई-सिमगा 132 केवीए लाइन के 15 टावरों की त्वरित मरम्मत के लिये पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में श्री देवसिंह ठाकुर को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लाइन सब-स्टेशन निर्माण कार्य, गजेंद्रनाथ सोनी को 220 केवीए मोपका सब स्टेशन में 160 एमवीए ट्रांसफार्मर सुधारने और कस्तुराम नाग को धुरनक्सल प्रभावित क्षेत्र बारसूर, सुकमा, बीजापुर व दोरनापाल के अतिथिगृह निर्माण एवं उनके रखरखाव के लिए पुरस्कृत किया गया। आभार प्रदर्शन पुरस्कार चयन समिति के संयोजक व उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री आरके श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रकाशन अधिकारी गोविन्द पटेल ने किया।

## मोहारा सबस्टेशन में वृक्षारोपण



राजनांदगांव के मोहारा विद्युत सबस्टेशन परिसर में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने 5 अगस्त को वृक्षारोपण कार्यक्रम में सक्रियता से भागीदारी दी। इस अवसर पर ईडी श्री पटेल ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाये रखने के लिए अधिकाधिक वृक्ष रोपने ईमानदारी से प्रयास करना आवश्यक है। कार्यक्रम में शामिल अधिकारीगण सर्वश्री अविनाश सोनेकर, मंगल तिर्की, डी.पी. बरूवा, व्ही.आर.के. मुर्ति, श्रीमती एम. नागवंशी, जी.एन. देवागंन, डी.के. ठाकुर, श्रीमती सुनिता ध्रुव, श्रीमती कांती ध्रुव सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा विभिन्न पौधों का रोपण किया गया।

## राजनांदगांव में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन



राजनांदगांव क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने ध्वजारोहण कर उपभोक्ताओं सहित अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज के युग में किसी भी क्षेत्र में जब कुछ नया गढ़ना होता है तो भरपूर बिजली की उपलब्धता अनिवार्य होती है। हर्ष की बात है कि राजनांदगांव क्षेत्र में उपलब्ध भरपूर बिजली का आपूर्ति हेतु विद्युत विकास कार्यों का विस्तार सुदूर अंचलों तक तेजी से किया गया।

समारोह में सर्वश्री एन.के. साहू, एस.के. मिलिंद, पूजा चन्द्राकर, राकेश कुमार वर्मा, लोकेश्वर श्रीवास, देवेन्द्र कुमार कृपाल, जागेश्वर प्रसाद कांत तथा श्री अमित कुमार कश्यप को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री अविनाश सोनेकर, श्री मंगल तिर्की, श्री बी.पी.गुप्ता, कार्यपालन अभियंता श्री एस.आर. गुर्जर, एवं श्री व्ही.आर.के. मुर्ति सहित बड़ी संख्या में अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह का संचालन कल्याण अधिकारी श्री ए.के.पिल्लई द्वारा किया गया।

# कंपनी मुख्यालय से सेवानिवृत्त हुये कर्मियों की विदाई



पॉवर कंपनी से अगस्त माह में सेवानिवृत्त हुए मुख्य अभियंता श्री आर.बी.त्रिपाठी सहित अन्य सेवानिवृत्तजनों सर्वश्री महेश राम सिन्हा, पतिराम लहरे, बहादुर लाल साहू, एमएसएन मूर्ति, सेवन लाल चौहान, आरआर नागवंशी, भागवत प्रसाद शर्मा, रामनारायण साहू और अय्यूब खान को कंपनी मुख्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। डगनिया स्थित विद्युत सेवा भवन एवं भार प्रेषण केंद्र के सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृतजनों को कंपनीज के चैयरमेन श्री शैलेन्द्र शुक्ला, एम.डी.(टांसमिशन) श्रीमती तृप्ति सिन्हा ने स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र भेंट कर सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर डायरेक्टर सर्वश्री जी.सी.मुखजी, एचआर नरवरे, अजय दुबे सहित अन्य उच्चाधिकारियों ने सेवानिवृत्तजनों का स्वागत-अभिनंदन किया।

विदाई समारोह में चैयरमेन श्री शुक्ला ने कहा कि प्रदेश के चहुंमुखी विकास का प्रत्यक्ष संबंध पॉवर कंपनी की गतिविधियों से है। ऐसी संस्था से सेवानिवृत्त अनुभवी कर्मियों की भरपाई अन्य सेवारत कर्मी कौशल उन्नयन से करने में सफल होंगे। कंपनी परिवार सेवानिवृतजनों के साथ भाईचारा की भावना बनाये हुए भविष्य में भी संपर्क बनाये रखेगा।

इसी क्रम में एमडी श्रीमती तृप्ति सिन्हा ने कहा कि टांसमिशन कंपनी में ईएचटी सबस्टेशन की संख्या 26 से बढ़कर 119 हो गई है। इसका श्रेय सेवानिवृतजनों की कार्यकुशलता को जाता है। ऐसे कर्मियों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना है। विदाई समारोह में आभार प्रदर्शन उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्री आरके श्रीवास्तव, संचालन एजीएम (पी. आर.) श्री विजय मिश्रा एवं सहायक प्रकाशन अधिकारी श्री गोविन्द पटेल ने किया।



## धमधा वितरण केंद्र में एटीपी मशीन का शुभारंभ



दुर्ग क्षेत्र के वितरण केन्द्र धमधा में 5 जुलाई को एटीपी मशीन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार ने धमधा एवं ठेलका वितरण केन्द्र के उपभोक्ताओ के लिए एटीपी मशीन को विद्युत देयक जमा करने की दृष्टि से सुविधाजनक बताया। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता श्री व्ही.आर. मौर्या, कार्यपालन अभियंता श्री ए.डी. टण्डन, सहायक अभियंता धमधा श्री आर.एन. सिन्हा, कनिष्ठ यंत्री श्री ओमन दास एवं विभाग के अन्य कर्मचारियों सहित क्षेत्र के नागरिक उपस्थित थे। एटीपी मशीन की स्थापना हो जाने से वितरण केन्द्र धमधा एवं ठेलका के अंतर्गत 72 गांवों के लगभग 21000 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

# पारेषण कंपनी में प्रशिक्षण कार्यशाला






छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी में आयोजित कर्मचारी विकास कार्यशाला में दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड रायपुर के विशेषज्ञों ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में कार्यस्थल पर सुरक्षा, टीमवर्क और सकारात्मक सोच के बारे में विस्तार से बताया गया। इस मौके पर श्रमिक शिक्षा बोर्ड के शिक्षा अधिकारी श्री डीएस सहारे ने कहा कि किसी भी संस्था का आधार वहां के कर्मचारी होते हैं, जब उनकी सोच सकारात्मक होती है तो संस्थान का उत्तरोत्तर विकास होता है। उन्होंने टीम वर्क के बारे में बताया कि किसी भी खेल में सभी खिलाड़ी एक जैसे ही होते हैं, परंतु सबकी दक्षता अलग-अलग होती है। इसी तरह हर संस्थान में सभी तरह के लोग रहते हैं, जो अपनी योग्यता के अनुसार प्रदर्शन करते हैं। कंपनी के वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री केबीएल चौकसे ने कहा कि कार्यालयीन कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम व्यक्तित्व विकास हेतु महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में मैनेजर श्री प्रदीप कुमार राठौर ने आभार प्रदर्शन तथा कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रकाशन अधिकारी श्री गोविंद पटेल ने किया।

## मुख्य अभियंता पीपी मोडक की विदाई एवं कार्यपालक निदेशक एमएस कंवर का स्वागत



एबीवीटीपीएस मड़वा के मुख्य अभियंता पीपी मोडक के स्थानांतरण पर सीनियर क्लब में आयोजित विदाई समारोह में कार्यपालक निदेशक एमएस कंवर ने श्रीफल व शाल भेंट कर सम्मानित किया। इसी क्रम में नवपदस्थ कार्यपालक निदेशक एमएस कंवर को पुष्पगुच्छ भेंट कर श्री मोडक ने शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन अधीक्षण अभियंता श्री रामजी सिंह एवं आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता श्री आरएल ध्रुव ने किया।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुनील बिस्वास, अरूण वर्मा, टीएल देवांगन, आर जांगडे, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीमती वी. थामस, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी एसके शर्मा, कार्यपालन अभियंता नीरज वैश्य, सहायक प्रकाशन अधिकारी बसंत शाहजीत, सुरक्षा अधिकारी डी तिर्की सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## दुर्ग क्षेत्र के उपकेंद्रों एवं वितरण केंद्र में छायादार वृक्षों का रोपण

दुर्ग क्षेत्र के उपकेंद्रों एवं वितरण केंद्र में छायादार वृक्षों का रोपण 09 जुलाई को कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार सहित अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता द्वय श्री के.एस.भारती एवं श्री व्ही.आर.मौर्या, कार्यपालन अभियंता श्री ए.डी.टंडन एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया। इस अवसर पर श्री कुमार ने कहा कि पौधे लगाने के साथ ही सुरक्षा और संवर्धन भी हमारी जिम्मेदारी है।




## जगदलपुर क्षेत्र में सम्मान समारोह



जगदलपुर क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थ कार्यालय सहायकों द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर दीर्घ अनुभवी सेवानिवृत्तजनों ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा किये। उन्होंने नवपदस्थ कर्मियों को कार्यालयीन कार्यों के कुशल निष्पादन के गुर बताए। इस अवसर पर सेवानिवृत्तजन सर्वश्री अब्दुल शफीक, सुभाष सेन, यू.के. अधिकारी, सी.एल. देवांगन, एन.के. खान, श्री नाग, श्रीमती शशि चिंचोलकर उपस्थित थे। सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कीर्ति टिर्की द्वारा किया गया।

# राजनांदगांव में साइबर सुरक्षा पर प्रशिक्षण

“आईटी एवं साइबर सुरक्षा पर जागरूकता” विषय पर 29 जुलाई को राजनांदगांव में आयोजित कार्यशाला में साइबर अटैक एवं इससे बचाव के अनेक उपायों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण में नियमित अंतराल में पासवर्ड बदलने, सोशल मीडिया पर अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करने, एटीएम में होने वाले ठगी से सावधान रहने के अनेक उपाय, बैंक खातों को नियमित अतरांल पर चैक करने एवं अन्य व्यक्तियों की पेन ड्राइव, सीडी का उपयोग अपने सिस्टम में सावधानीपूर्वक करने एवं अपने पासवर्ड अन्य व्यक्तियों से साझा नहीं करने के सुझाव दिये।

ऊर्जा सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र रायपुर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल सहित अति. मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री आर.एन. याहके, श्री मंगल तिर्की सहित अन्य अधिकारियें/कर्मचारियों ने भागीदारी दी।

# एचटीपीएस कॉलोनी में भोजली उत्सव




छत्तीसगढ़ की प्राचीन परंपरा भोजली उत्सव का आयोजन हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के लाल मैदान में धूमधाम से किया गया। उत्सव में मुख्य अतिथि श्रीमती अल्का मोडक, विशिष्ट अतिथि श्रीमती कोले, भोजली उत्सव समिति के संरक्षक आरके. शर्मा, अध्यक्ष सरिता गुप्ता, संयोजक एसके सोनी, श्री देशपांडे और सनत पैकरा ने मिलकर भोजली दाई की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गणेश बरेठ के निर्देशन में स्वागत गीत एवं भोजली गीत की प्रस्तुति दी गई।

प्रतिभा साहू, शकुंतला चन्द्रा, श्रीमती भैना, बसंती साहू, कुमारी खुशी साहू एवं कुमारी मीनाक्षी सोनी ने अपने सहयोगियों के साथ भोजली गीत की सुंदर प्रस्तुति दी। मां सर्वमंगला छात्रावास के बच्चों द्वारा करमा नृत्य एवं सांस्कृतिक कला रंगमंच के बच्चों द्वारा सुआ नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। भोजली प्रतियोगिता में निर्णायक आरके. शर्मा, एसके. सोनी, मालती जोशी रहीं। स्वर्गीय शांतिलाल गौतम की स्मृति में उनके परिवार के द्वारा पुरूस्कार वितरण किया गया।

टेंट की व्यवस्था स्वर्गीय ध्वजाराम मार्टिन परिवार के द्वारा किया गया। जौ का वितरण सनत पैकरा के सौजन्य से किया गया था। सचिव दुखूराम साहू के अथक प्रयासों एवं केके साहू, केके गौतम, बसंत जायसवाल, रामधन राठौर, अनील गुप्ता, कन्हैया लाल राठौर, नत्थूलाल यादव, राधे श्याम राठौर के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा। मंच संचालन अरूण दास वैष्णव गुरूजी एवं पंचम लाल राठौर द्वारा किया। आभार प्रदर्शन सुरेश कुमार सोनी द्वारा किया गया।

### मां की तरह प्यार लुटाती है प्रकृति...

मां की तरह प्यार लुटाती है प्रकृति
बिना मांगे हमें कितना कुछ देती जाती है प्रकृति
दिन में सूरज की रोशनी देती है प्रकृति
रात में शीतल चांदनी लाती है प्रकृति
भूमिगत जल से हमारी प्यास बुझाती है प्रकृति
और बारिश में रिमझिम जल बरसाती है प्रकृति
मां की तरह प्यार लुटाती है प्रकृति
मां की तरह प्यार लुटाती है प्रकृति...



# एचटीपीएस में स्वतंत्रता दिवस समारोह

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के संयंत्र परिसर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अभियंता पीपी मोडक ने ध्वजारोहण कर देश के स्वातंत्रता सेनानियों को नमन किया। उन्होंने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए देश के प्रति जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने का आव्हान किया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता सर्वश्री एसपी चेलकर, पंकज कोले, संदीप श्रीवास्तव, बीआर भगत, श्रीमती अल्का मोडक के साथ संकल्प महिला मंडल की सदस्याएं एवं अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

समारोह में रामइकबाल सिंह, अरूण कुमार गुप्ता एवं मोहम्मद रफीक सहित 50 अधिकारियों-कर्मचारियों एवं 17 ठेका श्रमिकों को उत्तम कार्य निष्पादन के लिए पुरस्कृत किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह का संयोजन व संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी पीआर खूंटे द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शब्बीर मेमन, जमुना प्रसाद भारिया, रमाशंकर जांगड़े, सुधेराम समेत सुरक्षा विभाग, सिविल विभाग, संचार विभाग का सराहनीय योगदान रहा।

समारोह में श्री मोडक ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2018-19 में हसदेव ताप विद्युत गृह की 210 मेगावाट की चारों इकाइयों ने 74.46 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 5478.7433 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया है। विस्तार संयंत्र 500 मेगावाट की इकाई क्रमांक 5 ने वित्तीय वर्ष 2018-19 में 91.55 प्रतिशत पीएलएफ के साथ 4009.976 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान बनाया है। इसके साथ ही इकाई क्रमांक 05 ने न्यूनतम विशिष्ट कोल खपत 0.669 किलोग्राम प्रति किलोवाट अवर कर कीर्तिमान रचा है। 210 मेगावाट की इकाई क्रमांक 04 ने भी अपने स्थापना काल से अभी तक न्यूनतम विषिष्ट तेल खपत 0.328 मिलीलीटर प्रति किलोवाट अवर कर रिकार्ड बनाया है।

# अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह में स्वतंत्रता दिवस समारोह



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यपालक निदेशक एमएस कंवर ने ध्वजारोहण किया। समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता सुनील बिश्वास, टीएल देवांगन, राजाबाबू कोसरे एवं अरविंद जांगड़े सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री कंवर ने कहा कि अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन ही सच्ची राष्ट्र सेवा है। हमारे संयंत्र में सेवारत कर्मियों की निष्ठा का सुपरिणाम है कि विद्युत संयंत्र में विशिष्ट तेल, डीएम वाटर खपत में कमी आई है। संयंत्र सहित संयंत्र परिसर में लोक हितैषी कार्य अधिकाधिक किये गये। विद्युत संयंत्र के आसपास के गांवों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए सीएसआर के मद में जिला प्रशासन को लगभग एक करोड़ 50 लाख रुपए दिए गए।

स्वतंत्रता दिवस पर सहायक अभियंता श्री आरके नायक एवं अन्य 32 विद्युत कर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में श्री अजय साहू द्वारा बिस्मिलजी की कविता का पाठ तथा संचालन वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री एसके शर्मा द्वारा किया गया।



# राजनांदगांव-दुर्ग में अभियंताओं को प्रशिक्षण



दुर्ग-राजनांदगांव क्षेत्रीय मुख्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अभियंताओं को एनर्जी ऑडिट, एकीकृत ऊर्जा विकास योजना, ऊर्जा मित्र ऐप एवं रियल टाइम डाटा एक्जीबिशन सिस्टम पर जागरूकता विषय पर प्रशिक्षित किया गया। कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार एवं श्री संजय पटेल के मार्गदर्शन में ऊर्जा सूचना प्रौद्यौगिकी केन्द्र रायपुर से आये आईटी विशेषज्ञों ने इस विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

कार्यपालक निदेशक श्री पटेल एवं अति. मुख्य अभियंता श्री एम. जामुलकर ने फील्ड अधिकारियों से कहा कि एनर्जी ऑडिट प्रक्रिया हेतु जिस क्षेत्र में लाइन लॉस ज्यादा होगा, वहां फीडर से लेकर ट्रांसफार्मर और ट्रांसफार्मर से घर तक विद्युत सप्लाई पर नजर रखी जाए व परीक्षण किया जाए। सप्लाई की जा रही हर यूनिट को चेक कर फीडर व ट्रांसफार्मर के बाद उपभोक्ताओं के व्यक्तिगत खपत व राजस्व स्तर को आंका जाए। इससे कुल खपत व लॉस यूनिट का पता चल जायेगा, जिससे लाइस लॉस को कम करने में मदद मिलेगी।

विशेषज्ञों ने बताया कि एकीकृत ऊर्जा विकास योजना को प्रदेश में 160 स्थानों में लागू किया गया है। आईटी विशेषज्ञों ने रिस्ट्रक्चर्ड एक्सलरेटिड पॉवर डिवेलपमेंट एवं रिफॉर्म प्रोग्राम के तहत सब स्टेशन, फीडर और ट्रांसफार्मर वाइज उपभोक्ताओं का डाटा कलेक्शन कर इंडेक्सिंग के ऑनलाइन प्रोग्रामिंग के बारे में जानकारी दी। ऊर्जा मित्र ऐप के माध्यम से ट्रिपिंग इण्टरप्शन, उसके कारण और कितनी देर में बिजली आपूर्ति बहाल होगी, इन सब की जानकारी उपभोक्ताओं को उनके मोबाइल नंबर पर मिल जाएगी। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर अपलोडिंग करने की प्रक्रिया को बताया गया। विशेषज्ञों ने कंपनी के इंटरनेट प्रणाली में सेप के माध्यम से वितरण केन्द्र स्तर में किये जाने वाले विभागीय कार्यों को विस्तारपूर्वक संपादित करने के उपाय सुझाए।



इस अवसर पर, अधीक्षण अभियंता श्री आर. एन. याहके, श्री मंगल तिर्की, कार्यपालन यंत्री श्री एस.कंवर, श्री व्ही.आर.के. मुर्ति, श्री सी.एम. कुमार एवं श्री डी.पी. बरूवा सहित राजनांदगांव एवं कवर्धा सर्किल के सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ उपस्थित थे।

# दुर्ग में विद्युत कर्मियों की भावभीनी विदाई



दुर्ग क्षेत्र से जुलाई 19 में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार ने शॉल, श्रीफल एवं प्रमाणपत्र भेंटकर ससम्मान विदाई दी। उन्होंने सेवानिवृत्तजनों की दीर्घ सेवाकाल का सम्मान करते हुए आगे परिवारिक एवं सामाजिक कार्यों में अपना बहुमूल्य समय देने की सलाह दी। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता श्री व्ही.आर.मौर्या एवं वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय.कोसरिया ने भी सेवानिवृत्तजनों के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की।

सेवानिवृत्तजनों में सर्वश्री आर.बी.सिंह, राजीव मानके, दीपक कटोटिया, महीभूषण टिकरिहा, जगदीश प्रसाद यादव, मोहन लाल वर्मा, चोवा राम जांगड़े, हरीश चंद्र पटेल, हीरा लाल यादव, पल्टू राम, शिव कुमार कश्यप एवं गणेश लाल शामिल हैं। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता द्वय श्री एस.एस. बघेल, श्रीमती सनिली चौहान, विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं सेवानिवृतजनों के परिवार के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता श्री के.एस. भारती एवं संचालन कार्यालय सहायक श्री आर.के. शर्मा ने किया।

# डायल 112 में उत्कृष्ठ सेवा देने एई श्री प्रवीण साहू सम्मानित

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी रायपुर सिविल लाइन में सेवारत सहायक अभियंता श्री प्रवीण साहू को अपातकालीन सेवाओं में जरूरतमंदो पर त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए छत्तीसगढ़ डायल 112 की स्थापना के प्रथम वर्षगांठ पर विशेष पुलिस महानिदेशक श्री आर.के विज द्वारा (भा. पू.से) प्रषस्ति पत्र प्रदान किया गया। वर्ष 2018 सितम्बर से अगस्त 2019 तक सेन्ट्रलाईज्ड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर सिविल लाईन रायपुर के अंतर्गत संचालित आपातकालीन सेवाओं के कुशल संपादन में श्री साहू ने उत्कृष्ठ योगदान दिया। निर्बाध विद्युत आपूर्ति, उपभोक्ता सेवा जैसे कार्यो के साथ-साथ जनहितैषी अन्य कार्यों में इनके योगदान की सराहना करते हुए पुलिस अधिकारियों द्वारा उज्जवल भविष्य की कामना की।




# दुर्ग में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन



स्वतंत्रता दिवस पर दुर्ग क्षेत्र में कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार ने ध्वजारोहण कर वीर सपूतों को नमन किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों सर्वश्री गौकरण प्रसाद साहू, श्रीमती अनिता राजीव, सुशांत कर्माकर, राजेश कुमार बटघरे, भुनेश्वर प्रसाद साहू, रमेश यादव, श्रीमती श्वेता लाल सिंग, घनश्याम बंजारे को पदक, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर उन्होंने सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर, अधीक्षण अभियंता द्वय श्री एस.आर.बांधे एवं श्री व्ही.आर.मौर्या एवं वरिष्ठ लेखाधिकारी श्री वाय.कोसरिया सहित अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों को ईडी श्री कुमार ने स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन श्री आर.के.शर्मा द्वारा किया गया।

## बिलासपुर में साइबर सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



ईआईटीसी, रायपुर के मुख्य अभियंता श्री हर्ष गौतम एवं कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवर के मार्गदर्शन में साइबर सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कंपनी के अमले को एटीएम फ्राड, वायरस अटैक,यूजर आईडी व पासवर्ड सुरक्षा के लिए आवश्यक टिप्स दिये गये। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रायपुर से आए विशेषज्ञ कार्यपालन अभियंता विकास शर्मा, प्रबंधक नेटवर्क अमित गुलहरे एवं सहायक अभियंता आरती साहू ने विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## पॉवर कंपनी में 'आओ गढ़ें संस्कार वान पीढ़ी' विषय पर कार्यक्रम



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी मुख्यालय में अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला, एमडी श्रीमती तृप्ति सिन्हा, कार्यपालक निदेशक श्री एस.एस.टिल्लू, अति. मुख्य अभियंता चिकित्साधिकारी श्रीमती उषा पिल्लै, गायत्री परिवार राजनांदगांव से आई बहनें एवं पॉवर कंपनी मुख्यालय में कार्यरत महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में 'आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गायत्री परिवार से आई बहनों द्वारा "गर्भ संस्कार" पर प्रकाश डालते हुए संस्कारवान पीढ़ी के निर्माण पर जोर दिया गया। गायत्री परिवार की तरफ से श्रीमती रूपल गांधी एवं डॉ. मानसी पत्थर ने अपने उद्बोधन में बताया कि "संतान का निर्माण माँ के हाथों में होता है। एक समझदार एवं दक्ष स्त्री अपने बच्चों को मनचाही दिशा प्रदान कर सकती है। इसलिये कन्या को शिक्षित करें। आज की कन्या कल माता बनेगी। बिना नारी को शिक्षित किए धरा पर स्वर्गीय वातावरण की कल्पना असंभव है।"

शिशु का जन्म परिवार में सर्वाधिक हर्ष का विषय होता है एवं हर माता - पिता ऐसे शिशु की कामना करते हैं जिनपर उन्हें गर्व हो। कार्यक्रम में गर्भावस्था, संस्कार, शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक गुणों पर प्रकाश डाला गया।

## बिलासपुर में कर्मियों की भावभीनी विदाई



बिलासपुर में जून, 2019 में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों-कर्मचारियों को कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह ने प्रशस्ति पत्र, प्रतिकात्मक भेंट सहित शाल, श्रीफल से सम्मानित किया। उनके खुशहाल जीवन की कामना करते हुए श्री सिंह ने कहा कि पावर कंपनी के विकास में सेवानिवृत्त अधिकारियों/ कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण समय दिया है। उनके कार्य अन्य कर्मियों के लिए अनुकरणीय है।

सेवानिवृत्त होने वालो में सर्वश्री संतोष कुमार विश्वास, उदेराम धोबी, बिहारी लाल लोहार, कृष्ण किशोर दुबे, प्रकाश वर्मा, शरद कुमार देशमुख, प्रवीण कुमार तोपखानेवाले, रामजी साहू गुलाराम साहू, छतलाल श्रीवास, बानिनपाल, अर्जूनलाल यादव, लालाराम वर्मा, ईश्वर राव अल्लू, गेन्दूराम यादव, रेशमलाल धोबी, दुजेराम कुर्मी शामिल है। सेवानिवृतजनों ने विद्युत कंपनी से मिले सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। समारोह में अति. मुख्य अभियंता के.के. भगत, अधीक्षण यंत्री एस.के. बाजपेयी वरिष्ठ विधि अधिकारी श्री बृजेन्द्र सिंह एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के परिजन बडी संख्या में उपस्थित थे।

# जगदलपुर क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस समारोह



जगदलपुर क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यपालक निदेशक श्री जे.एस. नेताम ने ध्वजारोहण कर शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों का स्मरण करते हुए प्रदेश में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप विद्युत विकास के साथ ही गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति करने का आव्हान किया। इस अवसर पर उन्होनें उत्कृष्ट कार्य करने वाले एवं लेखा/तकनीकी प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। उत्कृष्ट कार्य करने वालों में सर्वश्री दिनेश कुमार सिन्हा, डोरेलाल साहू, जेसराम वट्टी, मुनीराम, पूनमचंद बोदेलकर, कालिदास जैन, श्रीमती भावना रथ शामिल है।

# सीई श्री वर्मा सहित अन्य कर्मियों की विदाई



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के मुख्य अभियंता श्री राजेश वर्मा सहित 21 कर्मियों को सेवानिवृत्ति पर माह जून 19 में भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में सर्वश्री प्रेमजी पटेल, हेमराज सिंह, भागवत प्रसाद साहू, रोहित कुमार वैष्णव, श्याम लाल मधुकर, रथराम राठौर, प्रेमलाल मार्चे, बृजपाल सिंह, अर्जुन लाल कैवर्त्य, बद्री सिंह, जोहनराम राठौर, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, जोहन लाल कश्यप, महेत्तर सिंह ठाकुर, श्यामलाल राठौर, बुचूराम तिग्गा, नारायण प्रसाद साहू, महादेव, भुवन प्रसाद तिवारी एवं एएनएम माया मसीह को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्री वर्मा ने कहा कि कोरबा पश्चिम में मिले अपार स्नेह को अपने जीवन का धरोहर कहते हुए विशेष लगाव की बात कही। उन्होंने सेवायात्रा में सह कर्मियों सहित जीवनसाथी श्रीमती अंजली वर्मा और बेटियों से मिले सहयोग को अपनी सफलता का आधार बताया। समारोह में प्रभारी मुख्य अभियंता एसपी चेलकर, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसके मेहता, सुनील नायक, पंकज कोले, एआर कुंभकार, संदीप श्रीवास्तव और अरूण वर्मा सुरेंद्र तिवारी, श्री कटियार उपस्थित थे। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन अधीक्षण अभियंता श्री ओपी शुक्ला एवं वरिष्ठ कल्याण अधिकारी श्री पीआर खुंटे ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# ईई श्री सक्सेना के स्थानातंरण पर विदाई



डोंगरगढ़ डिवीजन के कार्यपालन अभियंता श्री एन.के. सक्सेना का स्थानांतरण अंबिकापुर डिवीजन में होने पर आयोजित विदाई समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने प्रतीकात्मक भेंट देकर शुभकामनाएं दीं। विदाई कार्यक्रम में श्री एन.के. सक्सेना ने अपने कार्यकाल का विवरण देते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री अविनाश सोनेकर, श्री आर.एन. याहके एवं श्री मंगल तिर्की ने श्री सक्सेना की कर्मठता को सराहनीय बताया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता श्री एस.आर. गुर्जर, श्री एस. कंवर, श्री व्ही.आर.के. मुर्ति, श्री रंजीत घोष, श्री सुनील कुमार भूआर्य एवं श्री एल.के. राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# क्षेत्रीय मुख्यालय गुढियारी में स्वतंत्रता दिवस समारोह



क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी रायपुर में स्वतंत्रता दिवस समारोह में रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने इस अवसर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत कर बधाई एवं शुभकामनायें दी। क्षेत्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सर्वश्री समलू राम, धन्वतरी लाल नाग, सनत कुमार साहू, तुलसी राम दिवाकर, मेला राम निषाद, चन्द्रहास भोसले को कम्पनी की ओर से देय पदक और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में मुख्य अभियंता रायपुर शहर क्षेत्र श्री आर.ए.पाठक द्वारा सर्वश्री कृपा राम वर्मा, थानेश्वर सिंह उइके, सुरूचि कौषल दीवान, श्रीमती गौरवा वर्मा, श्री अनिल कुमार पाठक तथा श्री एम.एम.पात्रो को पदक और प्रषस्ति-पत्र प्रदान किया गया.

इस अवसर पर 85वां लेखा प्रशिक्षण में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिये श्रीमती सोनल लाल को मुख्य अतिथि ने पदक और प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत-सम्मानित किया. इसके अतिरिक्त अति विशिष्ट कार्य निष्पत्ति के लिये सर्वश्री जी.पी.अखिलेश एवं राजेश अग्रवाल को उत्कृष्ट सेवा सम्मान प्रदान किया गया. समारोह में सेवानिवृत्त कार्यपालक निदेशक श्री आर.के. अवस्थी, मुख्य अभियंता श्री आर.के.तिवारी, सहित बहुसंख्या में अधिकारी/कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे. कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन कार्यपालन अभियंता श्री अशोक खण्डेलवाल तथा संचालन कल्याण अधिकारी श्री दीनानाथ वर्मा ने किया।

# बिलासपुर में मना सदभावना दिवस



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के तिफरा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय प्रांगण में सद्भावना दिवस मनाया गया। कार्यपालक निदेशक श्री भीम सिंह कंवन ने कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना की शपथ दिलाई तथा सभी ने जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सदभावना पर जोर दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता के.के. भगत, कार्यपालन अभियंता एस.के. दूबे एवं कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# दुर्ग में विद्युत कर्मियों ने ली सद्भावना के लिए प्रतिज्ञा



सद्भावना दिवस पर दुर्ग क्षेत्र के अधिकारियों-कर्मचारियों ने कार्यपालक निदेशक श्री अशोक कुमार के नेतृत्व में जाति, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना, सद्भावना के लिए कार्य करने की शपथ ली। कार्यक्रम में अधिकारीगण सर्व श्री एम.जामुलकर, व्ही.आर.मौर्या, एस.एस.बघेल एवं श्रीमती सनीली चौहान, वाय.कोसरिया, दीनानाथ वर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों-कर्मचारियों ने भागीदारी दी।

# कोरबा पूर्व में ध्वजारोहण



कोरबा पूर्व में स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य अभियंता श्री आर पाठक ने ध्वजारोहण कर सुरक्षा सैनिकों के परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री एस.के. बंजारा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.एन. कोसरिया, बी.डी. बघेल, श्री चंचल पैकरा और प्रेरणा महिला मंडल के अध्यक्ष श्रीमती निवेदिता बंजारा, उपाध्यक्ष श्रीमती सोनिया बघेल एवं सदस्याओं सहित अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे। समारोह में परेड का नेतृत्व श्री कमलेश निषाद सुरक्षा उपनिरीक्षक ने किया। इस अवसर पर विद्युत गृह विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया।

समारोह में मुख्य अभियंता श्री पाठक ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोरबा ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व 120x2 मेगावाट की दो ईकाईयाँ लगभग 40 वर्षों से निरंतर अपनी सेवायें दे रहा है। प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भी कार्य की प्रतिबद्धता के साथ विद्युत कर्मियों के गुणवत्ता मूलक कार्य से हमारे संयंत्र हमें गौरवान्वित करते हैं। अति. मुख्य अभियंता श्री बंजारा ने उद्बोधन में समस्त कर्मियों एवं उनके परिजनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी और आजादी के महत्व, नागरिकों के दायित्व पर प्रकाश डाला। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कोरबा पूर्व के श्रम कल्याण समिति द्वारा अनुशंसित 23 कर्मियों को पदक, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा 09 समूहों में 55 कर्मियों को ग्रुप एवार्ड तथा 03 प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.एन.कोसरिया तथा संचालन श्री एस.पी. बारले वरिष्ठ कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया।

# केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन



रायपुर के गुढ़ियारी स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य अभियंता श्री आर.बी.त्रिपाठी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर श्री त्रिपाठी ने आजादी के पल को नमन करते हुए कहा कि विदेशी आक्रांता हमारे सरजमी पर व्यापार करने आया, हमने नरम होकर उसे सब कुछ करने दिया। उन्होंने हमारी अहिंसावादी प्रवृत्ति का फायदा उठाकर सत्ता पर काबिज हो गये। अनेक क्रान्तियों के बाद देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ। समारोह में अधीक्षण अभियंता श्रीमती मधुलिका मिंज, कार्यपालन अभियंता सर्वश्री ए.के. सोनी, एस.पी.सोनी, मुकेश साहू सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षु कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक अभियंता श्री पी.बी.बंजारे ने किया।

# कुर्यात सदा मंगलम

## मेनका संग ललित




छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक कार्यालय में भृत्य के पद पर कार्यरत श्री रामकुमार धरमगुड़े की सुपुत्री सौ.कां. मेनका का शुभ विवाह बड़े उरला, अभनपुर निवासी श्री अरूण कुमार फरिकार के सुपुत्र चि. ललित के संग दिनांक 25 जून 2019 को राजनांदगांव में सानन्द संपन्न हुआ। बधाई...




# हमारे गौरव



## आशीष आर. नायर

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी भिलाई में कार्यरत श्रीमती माया आर. नायर के सुपुत्र श्री आशीष आर.नायर ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजनान्तर्गत परीक्षा उत्तीर्ण कर स्कॉलरशिप की पात्रता हासिल की। एनसीईआरटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय टैलेन्ट खोज प्रतियोगिता (NTSE) में चयन होने पर इन्हें 11वीं से आगामी पीएचडी अध्ययन तक स्कालरशिप प्रदान किया जायेगा। रिसर्च इंटर्न का ऑफर कनाडा सरकार के स्कॉलरशिप कार्यक्रम के तहत किया गया तथा इसके लिए ब्रिटिश कोलम्बिया यूनिवर्सिटी द्वारा 2.9 लाख रुपए की छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई। **बधाई...**



## नरेश कुमार पाण्डेय

जिला सहकारी संघ मर्यादित बिलासपुर के अध्यक्ष पद के लिए विधिवत् निर्वाचन दिनांक 20 अगस्त को किया गया जिसमें विद्युत कर्मचारी थ्रिप्ट एवं साख सहकारी संस्था मर्यादित, बिलासपुर के अध्यक्ष श्री नरेश कुमार पाण्डेय जिला सहकारी संघ मर्यादित बिलासपुर के अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किये गये। **बधाई...**



## कु. अनुज्ञा साहू

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता श्रीमती ऊषा साहू की सुपुत्री कु. अनुज्ञा साहू ने आईआईटी जेम (आईआईटी जाव्इन्ट एडमिशन टेस्ट) में ऑल इंडिया रैंक 35वां स्थान हासिल किया है। अनुज्ञा को इस रैंक के साथ आईआईटी दिल्ली में एम.एस.सी. मैथेमैटिक्स में प्रवेश मिला है। दुर्ग जिले की निवासी अनुज्ञा ने दिल्ली विश्वविद्यालय से बी.एस.सी. आनर्स मैथेमेटिक्स में स्नातक की परीक्षा सत्र 2018-19 में उत्तीर्ण की। अनुज्ञा ने अपनी सफलता का मूलमंत्र कड़ी मेहनत और सकारात्मक नजरिया को बताया। अनुज्ञा बचपन से ही पढ़ाई में अव्वल रहीं हैं और हमेशा सभी कक्षाओं में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होती रही हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं माता-पिता को दिया है। **बधाई...**

## राजेन्द्र कुमार दुरूगकर



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के महाप्रबंधक (वित्त) कार्यालय में कार्यरत श्री राजेन्द्र कुमार दुरूगकर ने कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2018-19 में आयोजित पीजीडीजे कोर्स में 73.3 प्रतिशत अंक अर्जित कर कंपनी परिवार को गौरवान्वित किया। श्री दुरूगकर इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से गायन में विशारद प्राप्त है। **बधाई...**



## कु. मुस्कान यादव

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में कार्यरत जगतपाल यादव की सुपुत्री कुमारी मुस्कान यादव ने कक्षा दसवी वर्ष 2018-19 में 87.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कंपनी परिवार को गौरवान्वित किया। कु. मुस्कान मानसरोवर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगिरी जिला दुर्ग की छात्रा है। **बधाई...**



## श्रीमती अनिता डुमरे

पॉवर कंपनी के अति. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, औषधालय में कार्यरत सीनियर नर्स श्रीमती अनिता डुमरे ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ से वर्ष 2018-19 में गायन विधा में विशारद की परीक्षा उत्तीर्ण कर कंपनी परिवार को गौरवान्वित किया। **बधाई...**


# चलो हंसायें रोते गणेश को

आईना बोलता है

विगत कई सप्ताह से गणेश स्थापना हेतु मंच एवं पण्डाल के निर्माण एवं सजावट कार्य में जुटे-जुटे थक कर चूर-चूर हो गया था। गणेश चतुर्थी पर गणेशजी की स्थापना करने के उपरान्त थकान मिटाने के लिए घोड़ा बेचकर चिन्तामुक्त गहरी नींद में सो रहा था। तभी रात्रि दो बजे के करीब किसी के सिसक-सिसक कर रोने की आवाज से मेरी नींद उचट गई। मैं आंख मलते रोने की आवाज की दिशा में चल पड़ा। आगे जाकर मैंने देखा कि हमारे पण्डाल में विराजे गणेशजी रो रहे हैं। रो-रोकर उन्होंने अपनी आंख और सूंड़ को लाल कर डाला है। मैं हड़बड़ाते हुए अपने कंधे में रखे गमछे से उनके आंसू पोछते हुए पूछ पड़ा -क्या हो गया गणेशजी, इतना कलप-कलप कर क्यों रो रहे है? मेरा सवाल सुनकर वे बोले – वर्ष में एक बार ही तो मुझे तुम लोग बुलाते हो। इसके बावजूद ढंग से मेरा मान-सम्मान भी नहीं कर सकते। इसका पूवार्नुमान लगाते हुए माता पार्वती, भ्राता कार्तिक एवं पिता श्री शंकर ने मुझे समझा बुझा कर भेजा है कि भूलोक में आजकल तरह-तरह की बीमारियां फैल रही हैं, संभल कर रहना। ज्यादा उलटा-सीधा मत खा-पी लेना। गणेशजी की बात सुनकर मुझे हंसी आ गई। अपनी हंसी को नियंत्रित करते हुए मैंने पूछा-क्यों गणेशजी, अभी तो आपको आये कुछ ही दिन हुए है, हमने तो अभी कुछ खास खिलाया-पिलाया भी नहीं है, फिर आपको किस बात की पीड़ा है? मेरे प्रश्न का जवाब देने के पहले नाक-भौं सिकोड़ते हुए उन्होने अपनी सूंड़ पर अपने हाथ को रखते हुए कहा- यहां बदबू के मारे मेरा सिर फटा जा रहा है। तुम लोगों ने मुझे बजबजाती गंदी नाली और कचरा के डिब्बे के करीब बिठा रखा है। एक तो सड़ते-गलते कचरे की बदबू ऊपर से बड़े-बड़े मच्छरों का हमला। मेरे लिए तो दुबले को दो आषाढ़ जैसी स्थिति हो गई है। विसर्जन के दिन आते-आते तो मेरी स्थिति बद से बदतर हो जायेगी। तुम लोग ऐसी गंदगी में रहते हो, इसीलिए तुम लोगों को मलेरिया, हैजा, डेंगू जैसी व्याधियां घेरती हैं।

इतना कहते-कहते गणेशजी ओक-ओक करने लगे मानो उन्हें जम कर मितली आ रही हो। जैसे-तैसे अपने आपको संभालते हुए उन्होंने आगे कहा- मैंने तो सुना था कि देश में स्वच्छता अभियान चल रहा है पर यहां की गंदगी को देखकर तो ऐसा कुछ लगता नहीं। ये देखों कहते हुए उन्होंने अपने सूंड़ के ऊपर बैठे खून चूसते एक मोटे मच्छर को भगाते हुए कहा-तुम लोग तो खुद मच्छरदानी के अंदर पंखा, कूलर, एसी की हवा खाते आराम फरमा रहे हो और मुझे उमस भरी गर्मी के संग चिपचिपाते पसीना में छोड़ दिये हो। ये अच्छी बात नहीं है। गणेशजी की पीड़ा हरने के लिए मैंने उन्हें फुसलाने की कोशिश की। उन्हें बताया कि आप चिन्ता न करें। आपके लिए भी हमने बिजली का कनेक्शन ले रखा है। आपके पण्डाल को रंग-बिरंगे झालर से सजाने की तैयारी हमने की। मेरी बात को बीच में ही काटते हुए गणेशजी चिंघाड़ते बोले – सरासर झूठ बोल रहे हो, मुझे सब पता है कि तुम लोगों ने बिजली का कनेक्शन लेने के बजाय बिजली चोरी की व्यवस्था की हैं। अरे थोड़ी भी तो शर्म करो। पूजा-पाठ जैसे पवित्र कार्य भी क्या तुम बिजली चोरी से करोगे? ऐसे में तो तुम पुण्य के बजाय पाप के भागीदार बनोंगे और ऐसे पवित्र स्थान पर तो पड़े-पड़े मैं परेशान होने के साथ ही साथ ऊब जाऊंगा। गणेशजी और कुछ सुना पाते, उसके पहले ही उन्हें टोकते हुए मैंने कहा – लम्बोदर महाराज, थोड़ा धीरज तो धरिए। हम आपको बोर होने नहीं देंगे। आपके मनोरंजन हेतु हमने गाने-बजाने की भी जोरदार व्यवस्था की हैं। नये-नये गाने बजायेंगे, सुन कर आपका दिल गदगद हो जायेगा। इतना सुनते ही गणेशजी के मुरझाये चेहरे पर मुस्कान की एक लकीर दौड़ पड़ी। वे पूछ पड़े – अरे वाह, तो क्या इस बार मेरे लिए नया-नया भजन तैयार किये हो? मैं गणेशजी के इस सवाल पर आपा खो बैठा और गुरार्ते हुए बोला – क्या उटपंटाग बात करते हैं गणेशा! जमाना बदल गया है, आजकल भजन-कीर्तन सुनने वाले ढूंढने पर भी नहीं मिलते। जहां देखो वहां पूजा पण्डाल में फिल्मी गीत बजते रहते हैं... चार बोतल वोडका, काम मेरा रोज का। मुन्नी बदनाम हुई। बीड़ी जलाई ले बलमवा जिगर म बड़ी आग है आदि... आदि। मेरे मुंह से ऐसे-ऐसे गानों के बोल सुनकर उन्होंने अपने बड़े-बड़े कानों में उंगली ठूंसते हुए कहा- अरे बाप रे, ऐसे गाने तो मैंने अपने बाप-दादा के जमाने में भी नहीं सुना है। इन्हें कर तो मेरे प्राण पखेरू उड़ जायेंगे। तुम लोगों ने ऐसे बेढंगे, कानफोड़ू गाना-बजाना से ही ध्वनि प्रदूषण को बढ़ावा दे रखा है, साथ ही साथ संस्कृति को भी विकृत करते जा रहे हो। अरे जरा सोचो लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक जी ने आजादी की लड़ाई के समय नवयुवकों को एकता के सूत्र में बांधने के लिए गणेश स्थापना प्रथा की शुरुआत की थी। इस प्रथा के उद्देश्य को ही तुम लोगों ने तहस-नहस कर डाला।

आगे गणेशजी लंबी आहे भरते हुए बोले – इसी तरह बदलते वक्त के साथ मिट्टी से मूर्ति निर्माण करने के बजाय तुम लोगों ने प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति बनाना और उसे देशी प्राकृतिक रंगों के बजाय हानिकारक रसायनिक रंगों से रंगने की गलत परम्परा को निर्मित किये हो। ऐसी मूर्तियों को नदी, तालाब में विसर्जित करके तुम लोग जल प्रदूषण को भी बढ़ाने जैसा घृणित कार्य कर रहे हो। इससे न केवल मानव जाति अपितु मेंढ़क, मछली जैसे अनगिनत निरीह जीवों का जीवन भी खतरे में पड़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति में भला तुम्हें सुख की प्राप्ति कैसे हो सकती है। गणेशजी की बातें मेरे दिल-दिमाग को झकझोर गई। मेरी आंखें खुल गई। अपनी नासमझी और गलती का अहसास करते हुए मैं गणेशजी के चरणों पर जा गिरा और लिपट कर बोला – आपकी बात सौ फीसदी सत्य हैं। अब ऐसी गलती को बढ़ावा देने के बजाय आपके बताये मार्ग का अनुसरण करेंगे। यह प्रण आपकी सौगन्ध लेते दुहराता हूं। मेरा प्रण सुन कर गणेशजी की आंखों में बहते दुख के आंसू खुशी के आंसू में बदल गये। उन्होंने अपना सूंड़ उठा कर खुशी व्यक्त करते हुए सुखी भव: का आशीष दिया। फिर हम दोनों चैन की नींद में सो गये।




**विजय मिश्रा**
संपादक



**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी मर्यादित डंगनिया, रायपुर**
फोन : 0771-2574702, फैक्स : 0771-2574702 | website : www.cspc.co.in



प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है - मुद्रक

प्रिंटक स्केनर किशाबाड़ा, तात्यापारा, रायपुर 88899 14459